# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–01.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****************

झारखंड में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नाम वापसी की प्रक्रिया जारी है। आज नामांकन पत्र वापस लेने की आखिरी तारीख है। इस चरण के लिए छह सौ चौंतीस उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है। नाम वापसी के बाद चुनाव मैदान में कुल उम्मीदवारों का अंतिम आंकड़ा आज जारी होगा। दूसरे चरण में अड़तीस निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे, जबकि पहले चरण में 13 नवंबर को तैंतालीस विधानसभा सीटों पर वोट डाले जायेंगे। नाम वापसी के बाद पहले चरण में 685 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

****************

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा जामताड़ा में भाजपा के नाराज नेता और नाला विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार वीरेंद्र मंडल के घर पहुंचे और उन्हें मनाने का प्रयास किया। श्री सरमा ने आकाशवाणी को बताया कि वीरेंद्र मंडल भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता हैं और पार्टी उन्हें उचित सम्मान देगी।

पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर श्री मंडल ने नाला विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया था। श्री सरमा ने दावा किया कि श्री मंडल नामांकन का पर्चा वापस लेकर पार्टी के हित में सक्रिय रहकर काम करेंगे।

****************

इधर हिमंता बिस्वा सरमा ने आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड में अभी घुसपैठियों की सरकार है। उन्होंने कहा कि यदि झारखंड में झामुमो की सरकार दोबारा सत्ता में आती है तो यहां कोई भी समाज सुरक्षित नहीं रहेगा।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के झारखंड दौरे को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज अहम बैठक होगी। प्रदेश भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान पार्टी के पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के आगमन की तैयारी और चुनाव को लेकर विचार–विमर्श करेंगे।

****************

केंद्र सरकार ने नमो ड्रोन दीदी योजना के संचालन के दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत एक हजार 261 करोड़ रूपये की इस योजना को स्वीकृति दी थी। इस योजना में महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराए जाते हैं। सरकार ने इस योजना में 2024–2025 से 2025–2026 तक के लिए 14 हजार पांच सौ चुनिंदा महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है।

****************

हजारीबाग में पहले चरण के चुनाव के लिए तीन विधानसभा सीटों पर नामांकन वापसी के बाद कुल साठ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****************

गिरिडीह जिले में दीपावली के दिन शहर के सवेरा सिनेमा हॉल के पास प्लास्टिक की टंकी के गोदाम में पटाखे से आग लग गयी, जिससे लाखों रूपये का नुकसान हुआ है।

******समाप्त*********